आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 05.11.2025                                        समय : 18.30 पीएम

- प्रदेशभर में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी–बीएलओ घर–घर सर्वे कर जानकारी जुटा रहे हैं।
- बारां जिले की अंता विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव का दिन नजदीक आने के साथ ही प्रचार ने ज़ोर पकड़ा।
- राष्ट्र गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में भाजपा 7 नवम्बर को देशभर में डेढ़ सौ स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगी।
- गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व और कार्तिक पूर्णिमा पर आज प्रदेशभर में धार्मिक उल्लास–पंचतीर्थ स्नान के साथ पुष्कर मेले का समापन।

000

प्रदेशभर में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत घर–घर सर्वे कर जानकारी जुटाई जा रही है। बीएलओ द्वारा मतदाताओं से सम्पर्क कर गणना प्रपत्र का वितरण कर जानकारी इकट्ठा की जा रही है। कल से शुरू हुए एसआईआर के तहत योग्य मतदाताओं से नवीन रंगीन फोटो और भरा हुआ गणना प्रपत्र लेकर अद्यतन मतदाता सूची का डेटा तैयार किया जा रहा है। जनजातीय बाहुल्य डूंगरपुर जिले में आज वाल्मिकी समाज के लोगों की कॉलोनियों में बीएलओ ने दौरा कर जानकारी ली। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने लोगों से बीएलओ का सहयोग करने की अपील की है।

झुंझुनूं जिले के लगभग साढे 19 लाख मतदाताओं के सत्यापन को लेकर बीएलओ घर–घर दस्तक दे रहे हैं। जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने बताया कि 4 दिसम्बर तक चलने वाले अभियान के तहत सभी पात्र मतदाताओं को सूची में जोड़ने का प्रयत्न किया जाएगा। श्री गर्ग ने बताया कि मतदाताओं की समस्याओं के समाधान के लिए 1950 के साथ ही स्थानीय हेल्पलाइन नम्बर भी शुरू किया जाएगा।

कोटपूतली–बहरोड़ जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने मतदाताओं से अभियान में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी निभाने की अपील की।

000

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट के लिए 11 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव का दिन नजदीक आने के साथ ही प्रचार जोर पकड़ने लगा है। इस सीट पर परम्परागत रूप से मुख्य मुकाबला भाजपा के मोरपाल सुमन और कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया के बीच है, जिसे निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने त्रिकोणीय बना दिया है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

000

रेल्वे देश के सौ वर्ष से पुराने स्टेशनों का शताब्दी समारोह मनाएगा। देश में रेल सेवा शुरू होने के करीब पौने दो सौ साल होने पर विरासत सहेजने के उद्देश्य से ये कदम उठाया गया है। इस क्रम में बीकानेर रेल्वे स्टेशन पर 7 नवम्बर से महोत्सव मनाया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि 13 नवम्बर तक चलने वाले इस आयोजन के दौरान स्टेशन के विकास को दर्शाती प्रर्दशनी लगाई जाएगी। इसका उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल करेंगे। इस दौरान स्वच्छता अभियान, सांस्कृतिक आयोजन और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

000

देश में 25 लाख से अधिक लोगों ने अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने के लिए चेहरा पहचान प्रणाली–फेस ऑथेंटिकेशन अपनाई है। केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस पहल को मंगोलिया और मालदीव सहित कई देशों ने सराहा है। आज नई दिल्ली में चौथे राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान के शुभारंभ अवसर पर डॉ. सिंह ने बताया कि यह अभियान इस महीने के अंत तक चलेगा।

000

राष्ट्र गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी की ओर से 7 नवम्बर को देश भर में 150 स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। आज नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने ये जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी इस महीने की 26 तारीख को मनाए जाने वाले संविधान दिवस तक विभिन्न स्थानों पर वंदे मातरम गायन कार्यक्रम आयोजित करेगी। इधर, प्रदेशभर में इस सिलसिले में 9 से 15 नवम्बर तक कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस दौरान सभी शिक्षण संस्थानों, एनसीसी, एनएसएस और सामाजिक संगठनों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की गई है। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम जयपुर के एस.एम.एस. स्टेडियम में 7 नवम्बर को रखा गया है।

इसमें भव्य आयोजन में सामूहिक 'वंदे मातरम्' गायन होगा और 50 हजार तिरंगा झंडों का वितरण किया जाएगा। इस दौरान स्वाधीनता आंदोलन के महापुरुषों पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

000

लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की डेढ़ सौवीं जयंती और आदिवासी क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में सवाईमाधोपुर के पीजी कॉलेज में माय युवा भारत अभियान के तहत निबंध और भाषण प्रतियोगिता रखी गई। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के व्याख्यान का वाचन भी किया गया। सिरोही जिले के शिवगंज में यूनिटी मार्च निकाला गया। पैदल मार्च में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी और सांसद लुंबाराम चौधरी सहित बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए।

000

सिक्ख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी का 556वाँ प्रकाश पर्व आज धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। 1469 में कार्तिक मास की पूर्णिमा के दिन ननकाना साहिब में गुरु नानक जी का जन्म हुआ था। उनका जीवन, ईमानदारी, दयालुता और लोगों की मदद के महत्व को दर्शाता है। उनकी शिक्षाएँ उस समय की सामाजिक समस्याओं जैसे जाति व्यवस्था के विरुद्ध थीं और सभी की समानता पर जोर देती थी।

गुरु नानक जयंती पर प्रदेशभर में भी सिक्ख धर्म के लोगों और पंजाबी समुदाय में उल्लास देखा गया। राजधानी जयपुर सहित विभिन्न जिलों के गुरुद्वारों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। शबद कीर्तन और लंगर प्रसादी के साथ गुरुवाणी के पाठ हो रहे हैं। हमारे श्रीगंगानगर संवाददाता ने बताया कि वहां गुरूद्वारों में सेवादारों की भीड़ देखी जा रही है।

000

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने जोधपुर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में अरदास में भाग लिया और सेवादारी की। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी का जीवन हमें मानवता, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

000

कार्तिक पूर्णिमा और देव दिवाली के अवसर पर आज प्रदेशभर में धार्मिक उल्लास का माहौल बना रहा। पुष्कर, कोलायत, बेणेश्वर धाम और गलता तीर्थ सहित सभी प्रमुख सरोवरों पर पवित्र स्नान के लिए तड़के से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर पंचतीर्थ स्नान के साथ ही पुष्कर में चल रहे सालाना मेले का भी आज विधिवत समापन हुआ। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि देश–विदेश से आए दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पुष्कर के 52 घाटों पर डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया।

000

सवाईमाधोपुर में रामेश्वर घाट स्थित त्रिवेणी संगम में भी बड़ी संख्या में लोग धार्मिक स्नान को पहुंचे। वहां संगम में डुबकी लगाकर चतुर्भुज नाथ के दर्शनों को लेकर मंदिर में लम्बी कतारें देखी गईं। पाली में इस मौके पर गायों को परम्परागत रुप से लापसी और गुड़ खिलाकर पूजा की गई।
वहीं, देव दिवाली के मौके पर मंदिरों और घरों में दीपमालाएं सजाई जा रही हैं। देव दिवाली को देवताओं की दीपावली माना जाता है और दीप जलाकर देवताओं के धरती पर आने की खुशियां मनाई जाती हैं। इस अवसर पर कई पवित्र सरोवरों पर दीपदान के कार्यक्रम रखे गये हैं। डूंगरपुर में सापन नदी के तट पर स्थित प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर में आज से तीन दिन का मेला शुरू हुआ। मेले में लोकगीतों पर आदिवासी समुदाय के लोगों ने परम्परागत हथियारों के साथ नृत्य किया। और ब्यौरा डूंगरपुर संवाददाता से –

000